


प्रबन्धक/सचिव

कॉलेज कोड– 4048

# अम्बेडकर महिला डिग्री कॉलेज

(सम्बद्ध - लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ)

**अमावां –रायबरेली**

Mob.: 9621208683
E-mail : amdcballarbl@gmail.com


पत्रांक AMDC/RBL/4048/293/25 दिनांक 10-12-25

10 DEC 2025
2374
LUCKNOW UNIVERSITY

सेवा में,

कुल सचिव
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ

विषय – अनुमोदन हेतु विज्ञापन लखनऊ विश्वविद्यालय के बेवसाइड पर अपलोड करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपयुर्क्त विषय की ओर आपका ध्यान आकृष्ट कराते हुए निवेदन है कि अनुमोदन हेतु अम्बेडकर महिला डिग्री कालेज अमावां रायबरेली के द्वारा राष्ट्रीय सहारा में दिनांक – 19/04/2025, 20/04/2025, 22/04/2025 व अमृत विचार में दिनांक 19/04/2025, 20/04/2025, 21/04/2025 को विज्ञापन निकलवाया गया है।

अतः आपसे निवेदन है कि विज्ञापन को लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ के बेवसाइड पर अपलोड करने की कृपा करें।

महान कृपा होगी ।

इंचार्ज(बेवसाइट) सादर–साभार !

10.12.25

भवदीय

प्रबन्धक
अम्बेडकर महिला डिग्री कालेज
अमावा-रायबरेली

2027 में सपा का सियासी समापन तय! 'समाजवादी' अब सिर्फ नाम रहेगा, असल में 2027 विधानसभा चुनाव के बाद कहलाएगी 'समाप्तवादी' पार्टी। यूपी में फिर जोर-शोर से खिलेगा कमल। ——केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री



# ।, मां झुलसी

# सड़क हादसे में कार चालक समेत दो घायल

## शिक्षक की ट्रक से कुचलकर मौत



जयसिंहपुर-सुलतानपुर (एसएनबी)। आजमगढ़-बलिया राजमार्ग पर इटकौली गांव के निकट सोमवार की सुबह स्कूल जा रहे बाइक सवार शिक्षक को तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से रौंद दिया। शिक्षक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मूलतः अंबेडकर नगर जनपद के भीटी थानाक्षेत्र पूरेदरबार निवासी सौरभ सिंह (30) वैदहा स्थित श्रीमती धनपति देवी जायसवाल लघु माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक थे। वह सुलतानपुर शहर के विनोबापुरी में अपनी पत्नी के साथ रहते थे। रोजाना की तरह सोमवार सुबह वह सुल्तानपुर से विद्यालय जा रहे थे। गोसाईंगंज थानाक्षेत्र में इटकौली के पास जयसिंहपुर-इटकौली मार्ग पर पहुंचे थे कि सामने से आ रहे ट्रक ने बाइक सवार शिक्षक को सामने से रौंद दिया। हादसे में मौके पर ही ... [illegible]



सुलतानपुर (एसएनबी)। अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर अहिमाने के निकट सोमवार को दोपहर बाद एक तेज रफ्तार बलरामपुर डिपो की रोडवेज बस ने कार में सामने से जोरदार टक्कर मार दिया। हादसे में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है, चालक को गंभीर चोटें आई हैं। जिला अस्पताल से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

घायल की पहचान कार चालक अनुराग रस्तोगी पुत्र दिनेश रस्तोगी निवासी चौपरिया ... [illegible]

...रा पड़ा है। ...ची है कि ...ा सकता। ...का कहना ...ह स्थिति ...। ग्रामीण ...लिए वने ...गर उसे ...और जिस ...के वगल ...वं पत्तियां ...ना लगाया

के ढ़ेर के बारे में खंड विकास अधिकारी अरविन्द कुमार सिंह ने कहा कि नगर पंचायत के द्वारा ब्लॉक परिसर में एक बोरिंग कराई गयी है। जिसकी वजह से मिट्टी निकली है। साथ ही यह बताया कि जलजीवन मिशन की पाइप डालने की वजह से परिसर में पानी की सप्लाई 6 माह से अधिक समय से बंद है। जिसके चलते शौचालय बंद करना पड़ा है। ब्लॉक परिसर में आने वाले ग्रामीणों को बाहर वने यूरिनल का सहारा लेना पड़ता है एवं शौचालय के रखरखाव की जिम्मेदारी नगर पंचायत के द्वारा होना भी बताया गया।

## खतौनी की नकल न मिलने से किसान परेशान

जयसिंहपुर- सुलतानपुर (एसएनबी)। पिछले शनिवार से कास्तकारों को जयसिंहपुर तहसील में खतौनी की नकल नहीं मिल पा रही है, जिससे प्रतिदिन सैकड़ों किसान परेशान हो रहे हैं। किसान खतौनी की नकल प्राप्त करने की उम्मीद में तहसील पहुंचते हैं, लेकिन उन्हें निराश होकर लौटना पड़ रहा है। इस समय क्षेत्र में भीषण गर्मी पड़ रही है और ऐसे में किसान लंबी दूरी तय कर तहसील पहुंचते हैं, लेकिन बिना काम के वापस लौटने को मजबूर हैं।

बताया जा रहा है कि तकनीकी खामी या अन्य प्रशासनिक कारणों के चलते खतौनी की नकल वितरण का कार्य बाधित हुआ है। हालांकि, प्रशासन की ओर से अब तक इस समस्या के समाधान को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। किसानों का कहना है कि खतौनी की नकल कई जरूरी कामों जैसे ऋण आवेदन, सब्सिडी प्राप्ति और अन्य सरकारी योजनाओं के लिए आवश्यक होती है। ऐसे में इसकी अनुपलब्धता से उन्हें गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि खतौनी नकल वितरण की व्यवस्था जल्द से जल्द बहाल की जाए। तहसीलदार मयंक मिश्र ने बताया कि साइड मेंटिनेंस में है।



ब्लॉक के पखरौली गांव में रविवार को अम्बेडकर जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता का स्तर जानने के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। करीब 45 बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में सौम्या प्रथम, गायत्री द्वितीय एवं नितिन कुमार ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा खुशी, अभिषेक, रिया, प्रतिभा को सांत्वना पुरस्कार मिला। देररात कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वाणिज्य कर अधिकारी सुरेश कुमार गौद्ध ने सभी बच्चों को स्टेनरी देकर सम्मानित किया और शिक्षा के लिए प्रेरित किया। आयोजक सुरेश कुमार, फागूलाल, जैसराज भीम, शरद कुमार, दयाराम बौद्ध, त्रिवेणी प्रसाद भीम आदि मौजूद रहे।

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर चित्रकला प्रतियोगिता

जयसिंहपुर-सुल्तानपुर (एसएनबी)। कटका क्लब की ओर से मूंगर स्थित एक निजी स्कूल में पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पर्यावरण से जुड़ी उत्प्ट चित्रकला प्रस्तुत की। आशुतोष सिंह को प्रथम, ईशन पटेल को द्वितीय और नेहा बानो को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्गा प्रसाद पांडेय ने की। इस दौरान बृजेन्द्र मिश्रा, आशा वर्मा, दीक्षा यादव, ... सिंह, ... मिश्रा, रजना मिश्रा, श्रेया मिश्रा, रमा यादव, विनय सिंह आदि मौजूद रहे।

# बचाव का साक्ष्य

एसओ ...ल्लंघन, ...बरदस्ती ...तिगरपुर ...हंत नौ के ...ने समन ...वाई की ...वाई की ...ायाधीश ...ानाध्यक्ष ...मन जारी ...में हाजिर

होकर जवाब दिया था। अन्य आरोपियों को कोर्ट ने फिर तलब किया, लेकिन शेषनारायण के अलावा कोई आरोपी हाजिर नहीं हुआ। अहदा निवासी ओमप्रकाश यादव ने अधिवक्ता विवेक श्रीवास्तव के जरिए विशेष कोर्ट में याचिका दाखिल की है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि 19 जनवरी 2024 को गांव के लक्ष्मीकांत पांडेय परिवार के आठ सदस्यों के साथ जबरदस्ती भूमि पर कब्जा करने लगे। थानाध्यक्ष ने मदद नहीं की न ही विपक्षियों पर कार्रवाई की। बिना जांच किए पीड़ित और घरवालों पर दो दिन में तीन मुकदमे भी दर्ज कर दिया।


**आवश्यकता है**

**अम्बेडकर महिला डिग्री कॉलेज अमावां, रायबरेली**

**कला संकाय हेतु**

प्राचार्य – 01 पद.

सह. आचार्य – 06 पद (प्रत्येक विषय में एक पद)

विषय – समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, हिन्दी, अर्थशास्त्र, गृहविज्ञान, अंग्रेजी।

शैक्षिक योग्यता – यू.जी.सी. के मानकानुसार, आवेदन पत्र समस्त शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्रों की छायाप्रति व पासपोर्ट साइज 8 फोटो के साथ 15 मई 2025 तक निम्न पते पर प्रेषित करें।

**प्रबन्धक/सचिव**

अम्बेडकर महिला डिग्री कॉलेज, अमावां, रायबरेली

मोबाइल नम्बर – 9452025452